आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बाल विवाह निषेध अधिनियम को व्यक्तिगत कानूनों द्वारा बाधित नहीं किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा है कि बाल विवाह जीवन साथी स्वंय चुनने की इच्छा का उल्लंघन करते हैं। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने देश में बाल विवाह की रोकथाम कानून के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए।

00000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाईक ने आज राजभवन, ईटानगर में सूचना एवं जनसंपर्क राज्य मंत्री न्यातो दुकोम के साथ एक बैठक में भाग लेते हुए कहा कि, राज्य के युवाओं को कुशल बनाया जाए साथ ही उनमें उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित किया जाए तो वे देश की आर्थिक वृद्धि, सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता में योगदान दे सकते है। बैठक में उन्होंने आगामी अरुणाचल लिट्रेचर फ़ेसटिवल पर चर्चा की- यह अरुणाचल प्रदेश साहित्यिक सोसायटी के सहयोग से राज्य की सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है। राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि साहित्य गतिविधियों को राज्य स्तरीय कार्यक्रमों के साथ-साथ हर शैक्षणिक संस्थान में एक जन आंदोलन के रूप में बढ़ावा दिया जाना चाहिए और आयोजित किया जाना चाहिए।

00000000000000000

गत गुरुवार को ईटानगर के सिविल सचिवालय से राज्य के सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिव सुश्री सुमेधा की उपस्थिति में तवांग जिले के खांगरी ग्लेशियर के लिए दूसरे संयुक्त वैज्ञानिक अभियान को हरी झंडी दिखाई। अभियान दल में राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं महासागर अनुसंधान केंद्र (एनसीपीओआर), गोवा, पृथ्वी विज्ञान एवं हिमालय अध्ययन केंद्र, ईटानगर के वैज्ञानिकों, अनुसंधान सहयोगियों और तकनीकी अधिकारियों तथा आईआईटी रुड़की के रिसर्च स्कोलर्स का एक समूह शामिल है। यह सहयोगात्मक प्रयास अरुणाचल हिमालय में गहन ग्लेशियोलॉजिकल और क्रायोस्फीयर अध्ययन करने की चल रही पहल का हिस्सा है।

00000000000000000

गत गुरुवार को ट्रिम्स नाहरलगुन में फर्स्ट ईयर के लगभग 100 एमबीबीएस छात्रों के लिए एक सेल्फ डिफेंस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजधानी पुलिस और अरुणाचल प्रदेश पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य नए शामिल हुए मेडिकल छात्रों की सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अरुणाचल प्रदेश पुलिस के विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा सेल्फ डिफेंस की प्रदर्शनों की एक श्रृंखला थी। जिसका उद्देश्य छात्रों को संभावित खतरनाक स्थितियों में खुद की रक्षा करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना था।

00000000000000000

गत गुरुवार को भारतीय सेना द्वारा वालोंग में हुई लड़ाई की 62वीं वर्षगांठ मनाई गई, जिसके साथ ही 1962 के युद्ध में वालोंग के बहादुर सैनिकों और नागरिकों के बलिदान को सम्मानित करने हेतु एक महीने तक चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरुआत भी हुई। इस अवसर पर राज्य की महिला एवं बाल विकास और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री दासांग्लू पुल ने भारतीय सेना के बहादुर सैनिकों द्वारा अपनाए गए मार्ग पर भारतीय सेना और एनसीसी कैडेटों की एक संयुक्त टीम द्वारा दो बेटलफिल्ड ट्रेक को रवाना किया। ये ट्रेक उन बहादुरों द्वारा किए गए कड़े प्रतिरोध की याद में हैं और साथ ही लोहित वैली में बेटलफिल्ड पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी हैं। इसके अलावा जाचेप त्सो और कुंडाओ त्सो के लिए साहसिक ट्रेक और साइकिल अभियान को भी हरी झंडी दिखाई गई।

00000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के पाक्के टाइगर रिजर्व के डॉ. पंजीत बसुमतारी को वन्यजीव बचाव और पुनर्वास प्रयासों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एक वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन इंटरनेशनल फंड फॉर एनिमल वेलफेयर (IFAW) द्वारा सम्मानित किया गया है। डॉ. बसुमतारी को लंदन यूनाइटेड किंगडम में 24वें IFAW एनिमल एक्शन अवार्ड्स में प्रतिष्ठित 'एनिमल वेलफेयर फील्ड वेटरनरी अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। डॉ. बसुमतारी वर्तमान में पाक्के टाइगर रिजर्व अरुणाचल प्रदेश में भालू पुनर्वास और संरक्षण केंद्र के प्रबंधक और प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं।

00000000000000000

विश्व स्वास्थ्य माह समारोह के एक हिस्से के रूप में, अखिल अरुणाचल प्रदेश मनोवैज्ञानिक संघ ने आईसीएमआर परियोजना टीम, एआईटीएस, आरजीयू और सामाजिक कार्य विभाग के सहयोग से आज एक ऑनलाइन कविता और ओपन-माइक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता के लिए पूरे भारत से लगभग पैसठ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

00000000000000000

आकाशवाणी ईटानगर की क्षेत्रीय समाचार इकाई राज्य के प्रत्येक जिले से एक पार्ट टाईम संवाददाता (पीटीसी) के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहे है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि आठ नवबंर दो हजार चौबीस होगी। इच्छुक उम्मीदवार www.newsonair.gov.in पर 'वेकैंसीज' की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

00000000000000000

नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ-विश्व दूरसंचार मानकीकरण असेंबली ITU-WTSA में महिलाओं की अब तक की सबसे अधिक भागीदारी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यह ऐतिहासिक कार्यक्रम दूरसंचार मानकीकरण के क्षेत्र में लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

00000000000000000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज संसद में रिकॉर्ड रखने, बहस करने और भाषण देने के लिए प्रौद्योगिकी और एआई का उपयोग करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

वह जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ, आईपीयू की एक सौ उनचासवीं असेंबली की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में बोल रहे थे। श्री बिड़ला आईपीयू की असेंबली में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व संसदीय बिरादरी ने हरित, तकनीक-संचालित और कागज रहित संसद की भारत की पहल की सराहना की है।

0000000000000000